Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding infrastructure facilities in Kaushal Vikas Kendra, Satna in Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना): सभापति महोदय, वर्ष 2014 से पहले दुनिया में भारत की पहचान स्कैम कंट्री के रूप में थी । वर्ष 2014 में जब देश के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी बने, तब उन्होंने दुनिया में देश की पहचान कैसे बदले, इसके लिए कौशल विकास का काम स्किल इंडिया योजना के माध्यम से शुरू किया । स्किल इंडिया का काम देश के सभी जिलों में शुरू हो चुका है। मेरे क्षेत्र में कौशल विकास केंद्र पिछले वर्ष खोला गया था और उसमें अब तक 13 हजार इन्क्वारियां आ चुकी हैं। यहां 13 ट्रेड स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 8 ट्रेडों पर ट्रेनिंग दी जा रही है और बाकी के ट्रेड प्रोसेस में हैं। इन 8 ट्रेडों में कुल 2940 बच्चे पास आउट हुए और 78 प्रतिशत प्लेसमेंट हो चुका है। वर्ष 2018-19 का जो लक्ष्य भेजा गया है, उसमें इनकी सीट घटाकर 500 कर दी गई है, जो कि बहुत कम है। हमारा केंद्र पूरे प्रदेश में बहुत अच्छा चल रहा है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करूंगा कि इस केंद्र की सीटें पूर्ववत की जाएं और जो ट्रेड बंद पड़े हैं, उन्हें चालू किया जाए । यह बहुत अच्छी स्कीम है और इसमें 78 प्रतिशत प्लेसमेंट है। शायद इस तरह की कोई दूसरी योजना नहीं होगी, इसलिए मैं चाहता हूं कि सीटों की संख्या बढ़ाई जाए और बाकी के ट्रेड़ों को भी स्वीकृति दें ।

माननीय सभापति : श्री भैरों प्रसाद मिश्र और डॉ. के. सामल को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।